# कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, सारण प्रमंडल, छपरा।

(Email id- rtasaranbihar@gmail.com)

## —: सूचना :—

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, सारण प्रमंडल, छपरा की कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए बैठक की तिथि, आवेदन एवं आपत्ति करने की तिथि की सूचना कार्यालय पत्रांक—329, दिनांक—31.12.2025 द्वारा प्रकाशित की गई है, जिसमें माह जनवरी—2026 के लिए आवेदन प्राप्त करने की तिथि प्रत्येक माह के 01 तारीख से 07 तारीख तक एवं प्रकाशनोंपरांत आपत्ति की तिथि 10.01.2026 से 13.01.2026 तक निर्धारित है।

उल्लेखनीय है कि कार्यालय में कुछ वाहन स्वामियों द्वारा उपस्थित होकर कार्यालय को यह संज्ञान में लाया गया है कि वर्त्तमान में **The RMS/OGRAS 2.0** पिछले दो—तीन दिनों से सुचारू रूप से कार्य नही कर रहा है, जिस कारण स्टेज कैरेज परमिट के आवेदन हेतु चालान नहीं कट रहा है। इसलिए आवेदन करने की तिथि को विस्तार करने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः विचारोंपरान्त उक्त के आलोक में स्टेज कैरेज परमिट हेतु आवेदन करने की तिथि दिनांक—10.01.2026 तक एवं प्रकाशनोंपरान्त आपत्ति करने की तिथि दिनांक—12.01.2026 से 14.01.2026 तक विस्तारित किया जाता है।

(कार्यालय पत्रांक—329, दिनांक—31.12.2025 का शेष अंश यथावत् रहेगा)।

06/01/2026

संयुक्त आयुक्त—सह—सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
सारण प्रमंडल, छपरा।

ज्ञापांक—02 / परि0 छपरा, दिनांक—06 / 01 / 2026

प्रतिलिपिः— श्री जयंत कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर को सूचना पट्ट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः— जिला परिवहन पदाधिकारी, सारण / सीवान / गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः— राज्य परिवहन आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

06/01/2026

संयुक्त आयुक्त—सह—सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
सारण प्रमंडल, छपरा।